# आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 05.02.2026 समय : 1905

<><><><><><><>

1. प्रधानमंत्री नरेद्र मोदी राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव का जवाब के दौरान कहा दुनिया के बड़े देश भारत के साथ व्यापार संबंध बनाने के लिए बहुत उत्सुक हैं।
2. संघ लोक सेवा आयोग ने पूर्व में सरकारी सेवाओं में नियुक्त उम्मीदवारों के लिए नए नियम लागू किए।
3. राजधानी श्री विजयपुरम में पी एम विश्वकर्मा जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत टैगोर कॉलेज में कारीगरों और युवाओं का सैलाब उमड़ा।
4. मायाबंदर में ऑलिवर द्वीप के पास समुद्री पुलिस बल की तत्परता ने नाव को दुर्घटनाग्रस्त होने से बचाया।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विश्वास व्यक्त किया है कि भारत वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा के लिए पूरी तरह से तैयार है और निर्णायक नीतिगत सुधारों के साथ आत्मविश्वास से तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। वे राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर हुई चर्चा का उत्तर दे रहे थे। उन्होंने कहा कि दुनिया के बड़े देश भारत के साथ व्यापार संबंध बनाने के लिए बहुत उत्सुक हैं। प्रधानमंत्री ने यूरोपीय संघ और राज्य अमरीका सहित कई देशों के साथ हुए व्यापार समझौतों पर कहा कि भारत ने 9 देशों के साथ व्यापार समझौते को अंतिम रूप दे दिया है और हाल ही में यूरोपीय संघ के 27 देशों के साथ 'सबसे बड़ा समझौता' संपन्न किया है। उन्होंने कहा कि देश ने एक मजबूत विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करके अपने उद्यमियों का समर्थन कर रहा है। श्री मोदी ने कहा कि युवा प्रतिभाओं के कारण विश्व उम्मीद भरी नजर से भारत की ओर देख रहा है। उन्होंने कहा कि विश्व तेजी से एक नई वैश्विक व्यवस्था की ओर अग्रसर है और भारत कई देशों के लिए एक विश्वसनीय भागीदार के रूप में उभरा है।

<><><><><><><>

संघ लोक सेवा आयोग ने सिविल सेवा परीक्षा–2026 की कल जारी अधिसूचना में पहले से सिविल सेवाओं में कार्यरत उम्मीदवारों की पात्रता और प्रयासों से जुडे नियमों को अधिक स्पष्ट और विस्तृत रूप में निर्धारित

किया है। संशोधित नियम, विशेष रूप से भारतीय प्रशासनिक सेवा, भारतीय पुलिस सेवा, भारतीय विदेश सेवा और ग्रुप – ए की अन्य सेवाओं पर केन्द्रित है। ये नियम स्पष्ट करते हैं कि किन चरणों पर ऐसे उम्मीदवारों को पुनः परीक्षा में शामिल होने की अनुमति होगी या नहीं। सिविल सेवा परीक्षा–2026 के लिए ऑनलाइन आवेदन – upsc.gov.in पर शुरू हो चुके हैं। आवेदन करने की अंतिम तिथि 24 फरवरी है। अधिसूचना के अनुसार जो उम्मीदवार पूर्व में किसी परीक्षा के माध्यम से भारतीय प्रशासनिक सेवा या भारतीय विदेश सेवा में कार्यरत हैं, वे सिविल सेवा परीक्षा–2026 के लिए पात्र नहीं होंगे। अगर कोई उम्मीदवार सिविल सेवा की प्रारम्भिक परीक्षा–2026 में उत्तीर्ण होने के बाद लेकिन मुख्य परीक्षा शुरू होने से पहले भारतीय प्रशासनिक सेवा या भारतीय विदेश सेवा में नियुक्ति प्राप्त करता है तो उसे मुख्य परीक्षा में शामिल होने की अनुमति नहीं दी जाएगी। अगर नियुक्ति मुख्य परीक्षा शुरू होने के बाद लेकिन अंतिम परिणाम की घोषणा से पहले होती है तो उम्मीदवार पर सिविल सेवा परीक्षा–2026 के माध्यम से किसी सेवा के लिए विचार नहीं किया जाएगा।

<><><><><><><>

शिक्षा मंत्रालय ने 'परीक्षा पे चर्चा' नामक नई पहल शुरू की है, जिसका उद्देश्य छात्रों में आत्मविश्वास, सकारात्मक सोच और समग्र कल्याण को बढ़ावा देना है, ताकि उनका परीक्षा अनुभव अधिक सशक्त और संतुलित बन सके। प्रधानमंत्री द्वारा यह कार्यक्रम पिछले कुछ वर्षों में एक राष्ट्रव्यापी आंदोलन में परिवर्तित हो चुका है, जिसमें छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों की अभूतपूर्व भागीदारी देखी गई है। अंडमान एवं निकोबार प्रशासन के शिक्षा विभाग द्वारा इस पहल के अंतर्गत कल सुबह दस बजे एक कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। यह कार्यक्रम टैगोर गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ एजुकेशन के सभागार में आयोजि होगा।

<><><><><><><>

''सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय'' के अंतर्गत ''एम एस एम ई–विकास एवं सुविधा कार्यालय'', डॉलीगंज औद्योगिक क्षेत्र, श्री विजयपुरम द्वारा ''पीएम विश्वकर्मा जागरूकता कार्यक्रम'' का आयोजन ''आज ''टैगोर कॉलेज, में किया गया। कार्यक्रम में तकनीकी सत्र आयोजित किए गए, जिनमें डिजिटल कॉमर्स, सरकारी खरीद नीति 2012 तथा एमएसएमई पंजीकरण जैसे विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम का उद्देश्य कारीगरों, शिल्पकारों एवं युवाओं को प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना सहित एम एस एम ई से जुड़ी विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्रदान करना था। उदघाटन सत्र में स्वागत भाषण एवं विषयवस्तु प्रस्तुति सहायक निदेशक प्रभारी जी. के. सिन्हा, द्वारा की गई। इस अवसर पर लघु उद्योग भारती अध्यक्ष, उद्योग निदेशालय के उपनिदेशक, ए एन सी सी आई के अध्यक्ष टैगोर कॉलेज की प्रधानाचार्या और यू टी एल बी

सी के मुख्य प्रबंधक, ने संबोधन दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एम एस एम ई –डीएफओ कोलकाता के निदेशक पी. के. दास ने की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने सहभागिता की और इसे अत्यंत उपयोगी बताया।

<><><><><><><>

मायाबंदर के महात्मा गांधी शासकीय महाविद्यालय में 3 फरवरी को विश्व आर्द्रभूमि दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के बी.एस सी. भूगोल विभाग द्वारा विद्यार्थियों में आर्द्रभूमियों के महत्व एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालय स्तर पर अंतर–विभागीय छायाचित्रण एवं पोस्टर निर्माण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। इसके अतिरिक्त भूगोल विभाग के विद्यार्थियों के लिए विभागीय स्तर पर भाषण, स्वरचित कविता पाठ तथा वाद–विवाद प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं। विद्यार्थियों ने इन प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए अपनी रचनात्मकता तथा पर्यावरणीय समस्याओं और संरक्षण के प्रति जागरूकता का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आर. वी. आर. मूर्ति द्वारा किया गया। अपने उद्घाटन संबोधन में उन्होंने आर्द्रभूमियों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि ये जैव विविधता संरक्षण, बाढ़ नियंत्रण, जल शुद्धिकरण तथा जलवायु संतुलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

<><><><><><><>

मायाबंदर में आज पुलिस समुद्री बल की टीम ने एक मछली पकड़ने वाली नौका को बचाया। नौका का गियर बॉक्स खराब हो जाने के कारण वह अनियंत्रित हो रही थी और ऑलिवर द्वीप के समीप फंस गई थी। सूचना मिलते ही पुलिस समुद्री बल ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एफ.आई.बी. एम.वी. शेर अली के माध्यम से बचाव दल भेजा। पुलिस दल ने संकटग्रस्त मछली पकड़ने वाली नौका एम.वी. सर्वेश्वरनकी तलाश की, जिसमें कुल पाँच चालक दल सदस्य सवार थे। चालक दल ने बताया कि रात्रि लगभग तीन बजे मछली पकड़ने के दौरान गियर बॉक्स फट जाने के कारण नौका की गति रुक गई और वह बहने लगी। समुद्री परिस्थितियों को देखते हुए पुलिस समुद्री बल की टीम ने नौका को सुरक्षित रूप से अपने नियंत्रण में लिया और मायाबंदर के मुख्य घाट तक ले आए।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार एड्स कंट्रोल सोसायटी द्वारा प्रयोगशाला तकनीशियन एवं काउंसलर के रिक्त पदों के लिए योग्य अभ्यर्थियों के चयन हेतु सूचना जारी की गई है। पात्र अभ्यर्थियों 12 फरवरी को साक्षात्कार के लिए सुबह दस बजे से शाम साढ़े चार बजे तक परियोजना निदेशक, ANACS के कार्यालय में दस्तावेज़ सत्यापन के लिउ उपस्थित होने को कहा गया है। साक्षात्कार स्वास्थ्य सेवा निदेशक, के कक्ष में आयोजित किया जाएगा। साक्षात्कार के लिए चयनित उम्मीदवारों से अनुरोध किया गया है कि वे दिनांक 14 फरवरी को सुबह साढ़े नौ बजे स्वास्थ्य सेवा निदेशक कार्यालय के सम्मेलन कक्ष में अनिवार्य रूप से उपस्थित हों। अधिक जानकारी अथवा स्पष्टीकरण हेतु उम्मीदवार अंडमान तथा निकोबार एड्स कंट्रोल सोसायटी के प्रशासनिक अधिकारी से लैंडलाइन नंबर 03192–231176 पर संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><><>